उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

<u>सूचना / विज्ञप्ति</u>

उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025

वर्षा के कारण शारीरिक दक्षता परीक्षा (पी0ई0टी0) के पुनर्निर्धारित परीक्षा केन्द्र एवं तिथियों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सूचना

संख्याः पीआरपीबी–बी(उप निरीक्षक सवंर्ग)03 / 2025 दिनांकः जून 28,2026

उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 के अन्तर्गत 4543 पदों को भरे जाने हेतु समांक विज्ञप्ति दिनांकित 12.08.2025 की चयन प्रकिया के अन्तर्गत अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा की कार्यवाही प्रदेश की 10 पीएसी वाहिनियों में दिनांक **29.06.2026** से प्रारम्भ हो रही है।

2. उपरोक्त सम्बन्ध में अभ्यर्थी कृपया ध्यान दें कि वर्षा के कारण निम्न परीक्षा केन्द्र की शारीरिक दक्षता परीक्षा का **पीईटी केन्द्र एवं तिथियॉ** निम्नानुसार पुनर्निर्धारित किये गये है :–

क्र0 सं0	पीईटी केन्द्र	वर्षा के कारण स्थगित तिथियों का विवरण	वर्षा के कारण पुनर्निर्धारित तिथियों का विवरण	पुनर्निर्धारित पीईटी केन्द्र
1	26 वी वाहिनी पीएसी, गोरखपुर	दिनांक 29.06.2026	दिनांक 01.07.2026	35 वी वाहिनी पीएसी, लखनऊ
		दिनांक 30.06.2026	दिनांक 02.07.2026	
		दिनांक 01.07.2026 (रिजर्व डे)	दिनांक 03.07.2026 (रिजर्व डे)	

3. अभ्यर्थीगण अपना संशोधित प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट "https://uppbpb.gov.in/" पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से डाउनलोड कर लें तथा प्रवेश पत्र में उल्लिखित तिथि, समय एवं संशोधित परीक्षा **केन्द्र 35 वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ** में समय से उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें।

4. अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट "https://uppbpb.gov.in/" का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचनाएं / निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त किये जायेगें।

(सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज)
पुलिस उप महानिरीक्षक / अपर सचिव, भर्ती,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।